>

Title: Request to stoppage of train through Narayan Railway Station and start a new train from Dhanbad and Anugrah Narayan Road station to New Delhi and Mumbai.

श्री सुशील कुमार सिंह (**औरंगाबाद**): अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन और भारत सरकार के माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद, बिहार के कुछ स्टेशनों पर महत्वपूर्ण गाड़ियों के ठहराव और एक नई गाड़ी नई दिल्ली और मुम्बई के लिए चलाने की मांग करना चाहता हूं ।

महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र में जिला मुख्यालय का सबसे प्रमुख स्टेशन अनुग्रह नारायण रोड है । मैं अनुग्रह नारायण रोड, रफीगंज, जाखिम, फेसर, गुरारू, गया और नवीनगर रोड स्टेशनों पर गाड़ियों के ठहराव की मांग करता हूं । …(व्यवधान)

12.59 hrs (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य से यह कहना चाहूंगा कि आप भी माननीय सदस्य हैं, मैं भी मेम्बर हूं । आप भी जब बोलेंगे तो मैं आपको डिस्टर्ब नहीं करूंगा । …(व्यवधान)

कुंवर दानिश अली (**अमरोहा**): मैं आपसे क्षमाप्रार्थी हूं । मेरे साथ नाइंसाफी हुई, इसलिए मैं उसके बारे में निवेदन कर रहा था । …(व्यवधान)

श्री सुशील कुमार सिंह: क्षमा मांगने की बात नहीं है । पर, समय कम होता है और उतने ही समय में अपनी बात पूरी करनी होती है । …(व्यवधान)

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर दिल्ली से सियालदह के बीच चलने वाली सियालदह राजधानी के ठहराव की मांग करता हूं ।

13.00 hrs

इसके साथ ही इस स्टेशन पर और भी गाड़ियाँ हैं, जिनका नंबर मैं यहाँ पढ़ रहा हूँ । इन गाड़ियों का नंबर 12988-87, 12938-37, 12354-53, 12815-16, 13167-18, 18639-

40, 12389-12390, 22805-06, 15021-22 है । इन गाड़ियों का ठहराव अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर किया जाए । रफीगंज स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12321-22, 12307-08, जाखिम स्टेशन पर गाड़ी संख्या 13349-50, 12397-98, 13151-52, 13009-10, फेसर स्टेशन पर गाड़ी संख्या 13010-09, 13152-51, गुरारू स्टेशन पर गाड़ी संख्या 13350-49 और नबीनगर रोड स्टेशन पर सासाराम राँची फास्ट इंटरसिटी एक्सप्रेस की ठहराव की माँग, मैं आपके माध्यम से करना चाहता हूँ ।

महोदय, साथ ही सबसे देर में दिल्ली से पहुँचने के लिए एक गाड़ी है, जिसका नाम हमसफ़र एक्सप्रेस है । इसकी संख्या 12349-12350 है, जो गोड्डा से नई दिल्ली के लिए चलती है । इन गाड़ियों के ठहराव के साथ-साथ, मैं धनबाद से गया व अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन होते हुए, नई दिल्ली और मुम्बई के लिए एक-एक नई गाड़ी, चाहे वह वंदे भारत के रूप में हो, दुरंतो के रूप में हो या किसी रूप में हो, मैं आपके माध्यम से एक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की माँग करता हूँ ।